हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

भव्य शुभारंभ

Mahaveer
JEWELLERS

DIAMOND JEWELLERY
100% OFF
Making Charges Free

GOLD JEWELLERY
Making Charges
Starting From
2.9%



The Grand Launch
Special Offers

20, 21 & 22 October 2026
Balgovind Chowk, Rajnandgaon

खबर संक्षेप

रामकथा 26 व 27 को



डोंगरगांव। निकटवर्ती ग्राम कोहका में आगामी 26 एवं 27 अक्टूबर को श्री राम कथा का आयोजन रखा गया है। कथा वाचक कामता प्रसाद शरण कीर्तन शैली में कथा का वाचन करेंगे। आयोजकों ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

पीट लाइन स्थापना की मांग



डोंगरगढ़। रेलवे सुविधाओं के विस्तार की दिशा में पीट लाइन स्थापना की मांग उठ रही है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के रखरखाव की सुविधा विकसित करने और रेल परिचालन को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पीट लाइन स्थापित करने का आग्रह किया गया। रेल मंत्री ने पीट लाइन की स्थापना के लिए पहल करने का आश्वासन दिया है। पीट लाइन की स्थापना होने से ट्रेनों के रखरखाव के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी साथ ही रेल परिचालन को अधिक व्यवस्थित बनाने की सुविधा मिलने की संभावना है।

29 लाख की लागत से बना मार्ग खस्ताहाल



डोंगरगढ़। बुधवारी और कालका पारा को जोड़ने वाला प्रमुख अंडरब्रिज मार्ग इन दिनों अपनी जर्जर स्थिति को लेकर चर्चा में है। शहर के लोगों को मार्ग की स्थिति के खराब होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवारी से कालका पारा को जोड़ने वाले इस अंडरब्रिज मार्ग के निर्माण के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पहल की थी। तत्कालीन पालिकाध्यक्ष तरुण हथेल के कार्यकाल में नगर पालिका ने लगभग 29 लाख की लागत से अंडरब्रिज मार्ग का नवनिर्माण कराया था। निर्माण के समय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद थी, किन्तु निर्माण के बाद से रखरखाव पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए विकसित मार्ग अब परेशानी का कारण बन गया है।

विद्यार्थियों ने नशामुक्ति का दिया संदेश

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के ग्राम रामपुर में नमो सेवा अनकही कहानियों के तहत नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते ग्रामीणों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ग्राम रामपुर के सरपंच यतीश सिन्हा ने कहा कि यह अभियान समाज एवं समुदाय के प्रति सेवा भावना को प्रोत्साहित किया।

देवी प्रतिमाओं का विसर्जन आज और कल

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगर में दशहरा उत्सव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन को मंगलवार शाम से बुधवार की अर्द्धरात्रि तक पसीना बहाना पडेगा। प्रशासन ने शांति सुरक्षा समिति की बैठक में सभी पंडालों को दो टूक शब्दों में आगाह किया है कि यदि विसर्जन जुलूस में नशे में मिले और हुड़दंग व लडाई झगडे करते पाए गए तो कड़ी कार्रवाई होगी।

नौ दिनों तक चले दैवी आराधना पर्व एवं दशहरा उत्सव का मंगलवार को संपन्न होगा। प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए रविवार को शांति सुरक्षा समिति की बैठक ली। एक घंटे चली बैठक में सभी दैवी पंडाल एवं दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ततहसीलदार नेहा विश्वकर्मा ने की। बैठक में थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जिला पंचायत सदस्य नोहरू रजक, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, चंदन उपाध्याय, राजेश गुजराती, गुलाब गोस्वामी, पार्षद मुकेश सिन्हा, गोपीचंदा देवांगन, विनोद डेहरिया, ईश्वरी ध्रुव, उषा यादव, कविता यादव, किशुन पटेल, कांशी निषाद, शंकर निषाद, शिवसेना प्रमुख दिनेश ताम्रकार, सतीश शर्मा, कौशल शर्मा, संदीप दुबे, अजय अग्रवाल, अफसाना खान सहित अन्य शामिल हुए।

आज निकलेगी शोभायात्रा

दशहरा उत्सव के बाद नगर की प्राचीन परंपरा के अनुरूप नगर के सबसे पुराने दैवी पंडाल राजबाडा , हल्बापारा, सुभाष चौक दुर्गा उत्सव पंडाल की दैवी प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाजे गाजे के साथ निकालने वाली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए भोर तक शिवनाथ नदी पहुंचेगी। वहीं बुधवार को शहीद भगत सिंह वार्ड, बस स्टैंड, कुम्हार पारा, पटेल पारा एवं शंकर पारा की दैवी प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस शाम 6 बजे से निकाला जाएगा। इसके अलावा घरों में विराजी गई प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार एवं बुधवार को किया जाएगा।

दशहरा उत्सव में 30 फीट का रावण दहन

नगर में दशहरा उत्सव भी परंपरा अनुरूप मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति कालेज मैदान में पिछले एक सप्ताह से आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी कर रही है। दशहरा उत्सव समिति के प्रमुख अजय अग्रवाल, शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी, बिट्टु रब्बानी, विनोद डेहरिया ने बताया कि इस वर्ष भी आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन से पूर्व मोंगरा की रामधुनी मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

आतिशबाजी के साथ होगा रावण का दहन

डोंगरगांव। विजय दशमी पर्व कल 20 अक्टूबर को नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ नगर में मनाया जाएगा। निशांत दुर्गा और दशहरा उत्सव समिति ने यह आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में रखा है। समिति ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया है। जिसमें लोगों को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और आधुनिक कला का समन्वय देखने मिलेगा।

- शहर के तीन स्थानों पर होगा रावण का दहन
- आयोजन समितियों ने की व्यापक तैयारियां

समिति ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए आस्था शर्मा, स्वाति वैष्णव और शिवम यादव को आमंत्रित किया है जो अपनी सुरीली आवाज और दमदार प्रस्तुतियों से समा बांधेंगे। इस मौके पर 61 फुट ऊंचे रावण पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति के तरुण गांधी, कमलेश यादव, राजकुमार दुबे, दुष्यंत वैष्णव, प्रतीक ठाकुर, अंकित जैन, गिरीश पंसारी, संदीप वैष्णव, लोकेश यादव, जीतू वर्मा, सौरभ ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

होगा लोक मंजरी का मंचन

नपा एवं जनमहोत्सव समिति के तत्वावधान में कल 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव आयोजित किया गया है। नगर की सभी मां दुर्गा एवं सरस्वती उत्सव समितियों के अध्यक्षों से आग्रह किया गया है कि वह माता रानी की प्रतिमा विसर्जन यात्रा में भगवान श्रीराम के डोला एवं निशान के साथ कार्यक्रम में शामिल हो। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी एवं रामलीला का मंचन कोहका की मंडली द्वारा किया जाएगा। लोक मंजरी का मंचन भी होगा।

म्युनिस्पल स्कूल में आज होगा दशानन का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति द्वारा कल 20 अक्टूबर को म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित होने वाले भव्य दशहरा उत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। आज विजयादशमी अवसर पर दशानन का दहन होगा। इसके पूर्व भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस बार दिल्ली से स्वस्ति मेहुल जैन अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। स्वस्ति मेहुल जैन को सुनने लोगों में आपार उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दर्शकों को सुविधा के मद्देनजर पर्याप्त बेरिकेटिंग व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही त्रिस्तरीय बैठक व्यवस्था की गई है, ताकि दर्शकों को असुविधा न हो।

श्री कोठारी ने बताया कि इस बार 61 फीट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं एआई तकनीक से होने वाली कम्प्यूटराईज आतिशबाजी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। आतिशबाजों की टीम मुंबई से पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डे करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसदद्व अभिषेक सिंह व अशोक शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खुबचंद पारख उपस्थित रहेंगे। अतिथगण के रूप में नीलू शर्मा, सुरेश एच. लाल, संतोष अग्रवाल, योगेश दत्त मिश्रा, प्रदीप गांधी, रामजी भारती, सचिन बघेल, भरत वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, पूर्णिमा साहू, राजेन्द्र गोलछा, अशोक चौधरी, बहादुर अली, सुनील अग्रवाल, राजेश जैन, सुनील मुदड़ा, भूमन मिरानी, रमेश जैन, पंकज पारख, विनोद बोहरा, ललित भंसाली, समीर पोद्दार, नीरज कोटड़िया, कमलेश बैद, कमलेश बैद होंगे।

स्वस्ति जैन देंगी प्रस्तुति

आयोजन समिति अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 19वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने दिल्ली से स्वस्ति मेहुल जैन आ रही है, इन्हें एक प्लेबैक और भक्ति गायिका के रूप में पहचान मिली है। उन्होंने मशहूर राम भजन "राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी","जय जयंति शासनम्", "है मेरे गित तेरे राधा", "कृष्णा-कृष्णा मधुरम-मधुरम" भजन गाए है। साथ ही फिल्म बाला का गीत "नाह गोरिये" जो मिर्ची म्यूजिक अवाइर्स 2020 में नॉमिनेट हुआ था गाए एवं 2020 में "कैसे कहें" और 2022 में "ओ मैया" जैसे गाने रिलीज किए। इनके भजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने ट्वीटर हैंडल में शेयर किया है।

मां सरस्वती के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुजनों की भीड़



छुईखदान। नगर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न चौक-चौराहों पर विराजित देवी-देवताओं की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसी कड़ी में कन्या शाला के सामने विराजित मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां सरस्वती के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिमा की सुंदरता और आकर्षक सजावट भक्तों का मन मोह रही है। सुबह से लेकर शाम तक दर्शनार्थियों की आवाजाही बनी हुई है। श्रद्धालु मां सरस्वती के समक्ष शीश नवाकर सुख, शांति, समृद्धि और ज्ञान की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा सेवा मेरा योगदान के तहत शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में योगाभ्यास, स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई।

योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव ने गर्भवती महिलाओं को आवश्यक योगाभ्यास कराया तथा गर्भावस्था के दौरान योग के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित एवं सुरक्षित योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में नागरिकों का रक्तचाप एवं रक्त शर्करा परीक्षण किया गया। जांच के आधार पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं औषधियों प्रदान की गई।

आदिवासी विद्यार्थी होंगे अंग्रेजी में पारंगत

संप्रेषण कौशल विकास की दिशा में प्रदेश में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के संप्रेषण एवं संवाद कौशल के विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी एवं दूरगामी पहल के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला गत दिनों आयोजित की गई। इस पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य प्रदेश के 148 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास एवं व्यवहारिक संप्रेषण कौशल से सशक्त बनाना है।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव तथा संयुक्त संचालक रूसा डॉ एमएस गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। गत 6 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पाँच संभागों के मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर्स को परियोजना की अवधारणा, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण पद्धति एवं विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अंग्रेजी भाषा संप्रेषण कौशल विकसित करने की तकनीकों से परिचित कराया गया।

इन्हें मिली जिम्मेदारी

राज्य में परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पाँचों संभागों में समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. सोमाली गुप्ता को राज्य समन्वयक एवं दुर्ग संभाग समन्वयक, डॉ. एसएन पांडेय को सरगुजा संभाग; डॉ. अर्चनासिंह को बस्तर संभाग, डॉ. जावेद के शाह को रायपुर संभाग, भूपेंद्रकुमार पटेल को बिलासपुर संभाग का जिम्मा सौंपा गया है।

संभाग से कालेज तक प्रशिक्षण मॉडल

परियोजना अंतर्गत पहले राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। इसके पश्चात प्रत्येक संभाग के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चयनित महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित शिक्षक आगे अपने महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को अंग्रेजी संप्रेषण कौशल का प्रशिक्षण देंगे। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के बाद चयनित महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए संभागवार प्रशिक्षण कार्यशाला की श्रृंखला प्रारंभ की गई। इस श्रृंखला की पहली संभागीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला रायपुर संभाग में 12 अक्टूबर को आयोजित की गई, जिसमें संभाग के 6 महाविद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। रायपुर संभाग के लिए मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डॉ. अनिता साहा सहायक प्राध्यापक श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा-नवापारा, दीपशिखा टोप्पो सहायक प्राध्यापक शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय गरियाबंद ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में शिक्षकों को ऐसे व्यवहारिक एवं विद्यार्थी केंद्रित तरीकों से परिचित कराया गया, जिनके माध्यम से सीमित अंग्रेजी पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थी भी धीरे-धीरे अंग्रेजी में सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने का आत्मविश्वास विकसित कर सकें।

आदिवासी युवाओं के लिए ऐतिहासिक पहल

यह परियोजना केवल अंग्रेजी भाषा सिखाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे आदिवासी विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं रोजगारपरक सशक्तिकरण की दिशा में एक व्यापक पहल के रूप में देखा जा रहा है। आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक प्रतिभावान विद्यार्थी भाषा एवं संप्रेषण संबंधी सीमाओं के कारण उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार एवं व्यावसायिक अवसरों में अपेक्षित आत्मविश्वास के साथ आगे नहीं बढ़ पाते। ऐसे विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संवाद की क्षमता प्रदान करना उनके लिए अवसरों के नए द्वार खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अवसर परक महत्वपूर्ण कदम

यह महत्वाकांक्षी परियोजना छत्तीसगढ़ शासन की समावेशी उच्च शिक्षा, समान अवसर और कौशल विकास की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मुख्यधारा की उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ने में भाषा एवं संप्रेषण कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण कार्यशालाओं की श्रृंखला ने इस व्यापक अभियान को जमीनी स्तर पर गति प्रदान कर दी है। यह पहल आने वाले समय में आदिवासी विद्यार्थियों के बीच आत्मविश्वास, अंग्रेजी संप्रेषण क्षमता, रोजगारपरक कौशल एवं व्यापक अवसरों तक पहुँच विकसित करने में मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है।

विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

इस परियोजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसका विशेष रूप से तैयार किया गया अंग्रेजी भाषा संप्रेषण कौशल आधारित पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम को आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की वास्तविक भाषाई एवं शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम के विकास में डॉ. सोमाली गुप्ता प्राचार्य अर्जुन्दा, डॉ. शैलेश कुमार मिश्रा सदस्य रूसा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अंग्रेजी के सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें दैनिक जीवन, कक्षा, उच्च शिक्षा, रोजगार एवं व्यावसायिक परिस्थितियों में अंग्रेजी में आत्मविश्वासपूर्वक संवाद करने में सक्षम बनाना है।

संगीत नगरी में नवरात्र की धूम

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किए दुर्गा-सरस्वती के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



संगीत नगरी खैरागढ़ में शारदीय नवरात्रि पर्व बड़ी ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर भर में जगह-जगह स्थापित भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडालों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने खैरागढ़ शहर में स्थापित मां दुर्गा और मां सरस्वती देवी के भव्य पंडालों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम

विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि नवरात्रि का त्यौहार हमारे समाज में सकारात्मकता, एकता और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। खैरागढ़ की देवतुल्य जनता का यह उत्साह और भक्ति भावना ही इस शहर की वास्तविक पहचान है। माता रानी की कृपा से हमारे क्षेत्र में लगातार विकास के पथ प्रशस्त हों और हर परिवार में खुशहाली आए, यही मेरी माता रानी के चरणों में प्रार्थना है।

भक्तिमय माहौल में डूबी संगीत नगरी

माता रानी का आशीर्वाद लेने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व समूचे क्षेत्र को भक्तिमय ऊर्जा से भर देता है। खैरागढ़ केवल कला और संगीत की नगरी ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का भी केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व पारंपरिक उत्साह, आपसी भाईचारे और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। चारों ओर गूंजते जयकारे और जगमगाते पंडाल शहर की सांस्कृतिक छटा को और भी भव्य बना देते हैं।

नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस पावन अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र त्रिपाठी, आयश सिंह, नीलिमा गोस्वामी, महेश गोस्वामी, रूपेंद्र रजक, विकेश गुप्ता, अजय जैन, संजय शर्मा, खेमराज जैन, विनय देवांगन, अयूब सोलंकी, मनजीत सिंह और अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित होकर मां भगवती के दर्शन का लाभ उठाया।

पिरचाटोला में भोग भंडारा का आयोजन

छुईखदान। पिरचाटोला में महाअष्टमी के मौके पर सरस्वती उत्सव समिति के सदस्यों एवं गांव वालों के सहयोग से भोग भंडारा प्रसादी वितरित किया गया। गांव के महिला पुरुष एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रसादी ग्रहण किया। आयोजन में अशोक वर्मा, खिलेश्वर वर्मा, यूनिस, उमेश, डिगेन्द्र, विजय वर्मा, सोनु, किरित वर्मा, साहिल वर्मा, हरिश, ओमन, केजा माडले, नरेंद्र, नोहर, हितेश, कार्तिक, खेमचंद, श्रीराम, सुनील, दीनेश, दादु माडले, रवि, नोहरु गुरुजी, सरवन वर्मा आदि का सहयोग रहा।





हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

खबर संक्षेप

जुआ के तीन मामलों में 9 पकड़े गए

गंडई। तीन अलग-अलग स्थानों पर जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से ताशपत्ती एवं नगदी रकम बरामद किया गया है।

17 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ जुआरियों द्वारा ग्राम ग्राम लिमो शीतला तालाब के पास 52 पत्ती ताश पर हार-जीत का रुपयों-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है। रेड कार्रवाई में आरोपी शेख अमीर 36 साल, प्रमोद कुमार पोर्ते 24 साल व जयराम पटेल 50 साल के कब्जे से 52 पत्ती ताश, फड व पास से नगदी रकम 650 रुपए जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध)अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इसी तरह 18 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ जुआरियों द्वारा ग्राम हरडं पीपल चौक के पास जुआ खेल रहे, सूचना पर मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई में आरोपी छन्नुदास बंजारे 40 साल व शिव 38 साल को 52 पत्ती ताश से रुपयों-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए। जिनके कब्जे से एवं फड से नगदी रकम 720 रुपए, 52 पत्ती ताश एवं एक प्लास्टिक बोरी को जब्त कर धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध)अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम लालपुर गौठान के पास 52 पत्ती ताश पर हार-जीत का रुपयों-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहा है कि सूचना पर मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई में आरोपी छन्नु पटेल 33 साल, सबित लाल 46 साल, फुलदास पटेल 48 साल एवं परशुराम 35 साल को पकड़ा गया।

जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, फड व पास से नगदी रकम 810 रुपए जब्त कर धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई किया गया।

महाअष्टमी पर हवन-पूजन के साथ कन्या भोज, मंदिरों में उमड़ी भीड़

जसगीतों की गूंज के बीच निकली शोभायात्रा, जंवारा विसर्जन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र अंचल में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। महाअष्टमी के अवसर पर रविवार को देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में विशेष हवन-पूजन किया गया। आज सोमवार को भी कई स्थानों पर हवन हुए। इसी के साथ शहर व ग्रामीण इलाकों में जंवारा विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो गया। देवी सेवा गीतों और जसगीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकालकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जंवारा का विसर्जन किया।

नवरात्र के तहत महाअष्टमी पर सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। मंदिरों में बजते घंटे-घड़ियाल और देवी स्तुति से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



हवन-पूजन के बाद कन्या भोज

महाअष्टमी पर अनेक मंदिरों और पूजा पंडालों में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर माता की आराधना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कन्या पूजन का विशेष महत्व होने के कारण भक्तों ने छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर परिवार की मंगलकामना की गई। घरों में भी श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार पूजा-पाठ और कन्या भोज का आयोजन किया।

जसगीतों के साथ जंवारा विसर्जन

हवन के पश्चात जंवारा विसर्जन की परंपरा के तहत विभिन्न देवी मंदिरों और पूजा स्थलों से शोभा यात्राएं निकाली गई। श्रद्धालु सिर पर जंवारा धारण कर माता सेवा गीतों और जसगीतों की धुन पर आगे बढ़े। शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने माता के जयकारे लगाते वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु निर्धारित विसर्जन स्थलों तक पहुंचे, जहां विधि-विधान के साथ जंवारा विसर्जित किया गया। इस दौरान महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह रहा।

अब देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी

नवरात्र के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां भी शुरू हो गई है। पूजा समितियां निर्धारित परंपराओं के अनुसार विसर्जन की व्यवस्थाओं में जुटी है। आने वाले दिनों में प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शहर में धार्मिक उत्साह और चहल-पहल बढ़ने की संभावना है। नवरात्र के चलते बाजारों से लेकर देवी मंदिरों तक रौनक बनी हुई है। पूरे अंचल में मां दुर्गा की भक्ति में श्रद्धालु लीन हैं और माता के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में लगातार भीड़ उमड़ रही है।

फैक्ट्री में घुसकर कर्मियों से मारपीट कर की तोड़फोड़

20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमलीडीह स्थित एक औद्योगिक संस्थान में घुसकर कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मारपीट, तोड़फोड़ करने तथा नगदी चोरी करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी की शिकायत के अनुसार डूल्स पेट फूड प्राइवेट लिमिटेड ग्राम अमलीडीह में 17 अक्टूबर की सुबह लगभग 10.30 बजे कुछ मजदूरों और अज्ञात लोगों ने कारखाने के भीतर काम कर रहे अन्य मजदूरों को भड़काकर काम बंद करा दिया। इसके बाद गेट के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हुई।

आरोप है कि इसके बाद संबंधित लोग एकजुट होकर कारखाना परिसर और कार्यालय में घुस आए।

मशीनों को नुकसान

शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने कार्यालय में रखे नगदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। कार्यालय में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए नगद तथा करीब 10 नग चेयर चोरी होने का आरोप है। इसके अलावा कारखाने में खड़ी ई-रिक्शा, ईवी स्कूटर, 10 सीसीटीवी कैमरे, कार्यालय के कांच, कुर्सियों तथा मशीनों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने की बात कही गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में 20 लोगों के नामों का उल्लेख किया गया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते काम बंद करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लाठी-डंडों, हाथ-मुक्कों और ईंट-पत्थरों से मारपीट की गई। इस दौरान कई कर्मचारियों और अधिकारियों को चोंटे आई।

निरंकारी संत समागम का आयोजन 23 से



राजनांदगांव। 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने कहा कि समागम की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रही हैं। सुचारू संचालन, सहज आवागमन और श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे परिसर को चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सहजता के साथ समागम में भाग ले सकें।

ताला तोड़कर घर से आभूषण की चोरी

राजनांदगांव। घर का ताला तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी रकम की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे टेमरी स्थित एक घर के लोग 17 अक्टूबर की रात्रि में गांव में कार्यक्रम देखने के लिए गए थे। कार्यक्रम देखकर वापस लौटे तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे आलमारी को तोड़कर सोने के गुलबन, मंगलसूत्र, डोरा, 2 जोडी पैर पट्टी, 1 जोड़ी कान का झुमका, 1 नग लाकेट, 1 जोड़ी बिछिया एवं 4 हजार रुपए नगदी रखे थे। इसी तरह प्रार्थी के भाई के कमरे में रखे आलमारी को भी तोड़ा गया। जिसमें 1 जोड़ी कान का टॉप्स, 1 नग पत्ती एवं 15 हजार रुपए नगदी को चोरी कर लिया गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी देवशरण साहू ने दर्ज कराई है।

अरहर, मोटर पंप की चोरी

उक्त थाना क्षेत्र अंतर्गत ही ग्राम हरडुवा में स्थित खेत मकान का ताला तोड़कर गत रात्रि 5 कट्टा अरहर, 5 एचपी मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी सुहास सुदेश लाल ने दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





सार समाचार

बच्चों ने दी गरबा की मनमोहक प्रस्तुति

राजनांदगांव। हीरामोती वार्ड क्र. 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला 'इग्नाइट' में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए गरबा नृत्य गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुति देकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रूचि विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शिक्षा के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना रहा। पार्षद रवि सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यक्तित्व को निखारने का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। गरबा जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सामूहिक सहभागिता और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम में डॉ. डीसी जैन तथा अमलेन्दु हाजरा, आरती साहू, शशि मंडावी, अभय गोर, साक्षी मंडावी एवं सोनिया सोनकर सहित अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका राबिया शादाब, शिक्षकगण पूनम सिंह, बबीता देवांगन, लीला मानिकपुरी एवं दुर्गा पंसारी द्वारा बच्चों की गरबा प्रस्तुति के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

इंदिरा नगर में विराजित प्रतिमा

राजनांदगांव। इंदिरा नगर वार्ड क्र. 41 में मां दुर्गा की आराधना की परंपरा लगभग छह दशक पुरानी है। यहां नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विगत 60 वर्षों से विभिन्न स्वरूपों में शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी क्षेत्रवासियों की आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनी हुई है। प्रतिवर्ष अलग-अलग स्वरूपों में सजाई जाने वाली मां दुर्गा की आकर्षक, नयनाभिराम और जीवंत प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। पूर्व पार्षद संतोष कुमार साहू तथा पंडा और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक गणेश देवांगन ने बताया कि इंदिरा नगर में लगभग छह दशकों से मां दुर्गा की स्थापना की जा रही है। समय के साथ प्रतिमाओं के स्वरूप, सजावट और प्रस्तुति में बदलाव आता रहा है, लेकिन मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और सेवा का भाव निरंतर बना हुआ है। पहले जहां वरिष्ठजन इस धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी संभालते थे। वहीं अब बस्ती के युवाओं को इसकी कमान सौंपी गई है।



गर्भावस्था के दौरान दी गई शिक्षा संस्कार का आधार

राजनांदगांव। गर्भावस्था के दौरान दी गई शिक्षा संस्कार का आधार बनती है। अर्जुन ने भी गर्भावस्था में सुभद्रा को चक्रव्यूह तोड़ने की बात बताई थी, किन्तु चक्रव्यूह से वापस लौटने के बारे में जब जानकारी दी जा रही थी, तब सुभद्रा सो गई थी। जिसकी वजह से अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु केवल चक्रव्यूह ही तोड़ पाया, वह उससे बाहर नहीं निकल पाया। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्ल्भ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि मां के गर्भ से ही बच्चों के संस्कार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि एक राजा को अपनी प्रजा का हित पहले देखना चाहिए। उसे गुप्त रूप से प्रजा की समस्याओं की जानकारी लेकर उसका निदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आराधना में भूल होती है तो धर्म के मूल लक्ष्य को आघात पहुंचता है। गर्भावस्था में किस प्रकार का आचरण या बर्ताव करना चाहिए, इसकी जानकारी देने पर पेट में आई आत्मा को भी उस आचरण का ज्ञान होता है। मुनिश्री समयप्रभ सागर ने कहा कि पहले आत्मा को महत्व दिया जाता था। महिलाएं गर्भधारण करती थी तो कहा जाता था कि आत्मा हमारे घर आई है। गर्भ के दौरान दी गई शिक्षा को आत्मा ज्यादा मानती है, इसलिए गर्भावस्था के दौरान शिक्षा देना ज्यादा उचित होता है। संस्कारों के लिए दृढ़ता होनी चाहिए। नारियों को सम्मान देना चाहिए।



गुमराह का सशक्त माध्यम है सीएम हेल्पलाइन

राजनांदगांव। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीएम हेल्पलाइन की आंकड़ों की जादूगरी व्यवस्था पर कहा कि जिस प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के विभाग पीडब्लूडी के 13 अधिकारियों को नोटिस मिले और उप मुख्यमंत्री के निर्वाचन जिला के राजस्व अधिकारी को निलंबित करना यह दर्शित करता है कि सीएम हेल्पलाइन गुमराह का सशक्त माध्यम है या कहें कि छग में प्रशासनिक आतंकवाद है। श्री दुबे ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों सहित विधानसभा अध्यक्ष के जिले में भी अधिकारी प्रमाणित अपराध के आरोपियों को बचाने एड़ी चोटी का जोर लगाकर सजग कलेक्टर के मनसूबों की धज्जी उड़ाए बैठे हैं। शासकीय पट्टे भी भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री पर पट्टे निरस्त कर भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश 24 अगस्त से जारी किया गया है, किंतु नायब तहसीलदार आज तक कार्रवाई नहीं किए हैं। ऐसे दर्जनों मामले हैं। जिससे छग सरकार की लचर प्रशासनिक व्यवस्था प्रमाणित है। जिसके चलते सीएम हेल्पलाइन हेल्पलेस साबित हो रहा है।



महापौर ने किया आधार सुविधा केंद्र का शुभारंभ

राजनांदगांव। महापौर मधुसूदन यादव ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव परिसर में अत्याधुनिक आधार सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया। इस केन्द्र के प्रारंभ होने से नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने तथा आधार में आवश्यक सुधार एवं अद्यतन कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते अत्याधुनिक आधार सुविधा केन्द्र प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने, बैंकिंग सेवाओं तथा शैक्षणिक कार्यों के लिए आधार एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने आधार विवरण को समय-समय पर अद्यतन रखना चाहिए। आधार सुविधा केन्द्र में नया आधार नामांकन, डेमोग्राफिक अपडेट, बायोमेट्रिक अपडेट तथा दस्तावेज अद्यतन सहित आधार से संबंधित विभिन्न आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। केन्द्र के माध्यम से नागरिकों को आधार संबंधी समस्याओं का समाधान कराने में सुविधा होगी। महापौर श्री यादव ने नागरिकों से विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपने आधार डेटा को समय पर अद्यतन कराने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, आधार जिला समन्वयक, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिक उपस्थित थे।



विजयादशमी पर्व को लेकर उत्साह, शहर के कई स्थानों पर होंगे आयोजन

दशहरा पर होगा रावण का पुतला दहन

राष्ट्रीय दशहरा उत्सव में कांतारा की जीवंत प्रस्तुति, आतिशबाजी के बीच रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा आयोजित दशहरा कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध फिल्म कांतारा का आकर्षक नाट्य रूपांतरण किया जाएगा। वहीं उज्जैन के सुमधुर गायक दिव्यांश पांड्या अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। यहां मुंबई की आधुनिक आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते राष्ट्रीय उत्सव समिति के अध्यक्ष तथागत विजय पांडे ने बताया कि समिति का उद्देश्य दशहरा उत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि यहां 51 फीट ऊंचे आकर्षक वेशभूषा में कुछ नए रंग-रूप लिए रावण के पुतले का दहन होगा। उन्होंने बताया कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण एवं वीर हनुमान अपने दल-बल सहित घमंडी रावण के पुतले का दहन करेंगे। वहीं आयोजन के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी होगा।



अतिशबाजी और व्यवस्था

प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आकाशीय रंग-बिरंगी आतिशबाजी अपने ख्याति अनुरूप नई साज-सज्जा के साथ उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर देगी, ऐसी तैयारी की गई है। स्टेट हाईस्कूल के मैदान में जाने के लिए दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। जिसमें जीई रोड से स्टेट हाईस्कूल मार्ग गेट नंबर 1 होगा। वहीं खैरागढ़ रोड ओवरब्रिज की तरफ से मैदान में जाने के लिए गेट नंबर 2 से दर्शक जा सकेंगे।

गौरीनगर स्कूल मैदान में होगा भव्य रावण दहन



राजनांदगांव। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह कल 20 अक्टूबर को शाम 8 बजे गौरीनगर स्कूल मैदान में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक परंपराओं के अनुरूप रावण दहन, भव्य आतिशबाजी और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में हजारों नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने बताया कि गौरीनगर स्कूल मैदान में आयोजन का इस बार 21वां वर्ष है। पिछले 20 वर्षों से दशहरा उत्सव का आयोजन धार्मिक परंपराओं और आपसी भाईचारे के साथ किया जा रहा है। इस वर्ष भी उत्सव को भव्य रूप देने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में आतिशबाजी की विशेष प्रस्तुति अहमद रजा ताहिर द्वारा दी जाएगी।

कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, डॉ. रूबीना अंजुम अल्वी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

वरिष्ठ नागरिकों का होगा सम्मान

इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों तथा सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि दशहरा केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देने का अवसर भी है। कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा आयोजन को सफल बनाने विशेष मेहनत की गई है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दशहरा उत्सव में सहभागी बने और आयोजन को सफल बनाएं।

विद्यालयीन छात्राओं को कराया कार्यालयों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति हब द्वारा बिटिया/वर्क अभियान अंतर्गत बालिकाओं को शासकीय कार्यप्रणाली, प्रशासनिक दायित्वों तथा रोजगार एवं केरियर की संभावनाओं से परिचित कराने विद्यालयीन छात्राओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान बालिकाओं ने समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, पुरातत्व विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर, बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों की कार्यशैली और जनहित में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। बाल अधिकारों के संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा तथा शासकीय सेवाओं में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराते भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जाम्बुलकर एवं श्रमपदाधिकारी समीर मिश्रा ने बालिकाओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया तथा आत्मविश्वास, शिक्षा और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सतविंदर सिंह भाटिया एवं साक्षी वर्मा, पुरातत्व विभाग से सविता सोनी एवं भजनलाल वर्मा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय महन्त बलराम दास बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शाकीय ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 30 से भी अधिक किशोरी बालिकाओं ने विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। बिटिया वर्क अभियान बालिकाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उनमें नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की दक्षता और आत्मनिर्भरता विकसित करने की सार्थक पहल है। इसके माध्यम से बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने, विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





अम्बालिका दुर्गोत्सव समिति ब्राह्मणपारा राजनांदगांव।

सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार, विकासखंड डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमड़ीबोड़ टीआई धनीराम नारंगे एवं मिथुन वर्मा कांस्टेबल, चंद्रशेखर यादव एवं विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति में समस्त छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, साइबर बुलिंग तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को समझाया गया कि वे अपने ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा इंटरनेट का उपयोग सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ करें। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में अभिभावकों व संबंधित अधिकारियों को सूचित करने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।



यातायात नियमों के पालन की समझाईश

थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" जागरूकता पर विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित आवागमन, यातायात संकेतों के पालन, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने और सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों के जीवन की रक्षा करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

संगठित अपराध की धारा सहित अंतर्राज्यीय गिरोह पर लगे अंकुश



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी शाहिद भाई ने कहा कि राजनांदगांव के गौरीनगर क्षेत्र में गौहत्या का जो मामला सामने आया है, वह सर्व समाज के लिए पीड़ादायक है और सोच से बाहर है। कांग्रेस पार्टी ऐसे कृत करने वालों की घोर निंदा करती है। कांग्रेस पार्टी उन सभी लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग करती है। ऐसी स्थिति में इस अपराध में जुड़े लोगों पर भारतीय न्याय संहिता की 111(4) संगठित अपराध की धारा लगाकर संगठित अपराध जो अंतरराज्यीय गिरोह का रूप धारण किया है, उन सब पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि इस गंभीर मामले में जिस प्रकार से 15 लोगों के संलिप्त होने का खुलासा हुआ है, उससे इस अपराध में संलिप्तों के दुस्साहस का पता चलता है कि उनके मन में कानून का भय रत्ती मात्र नहीं रहा है तभी ऐसे जघन्य अपराध में शामिल रहे। यद्यपि पुलिस ने तत्परता के साथ गिरफ्तारी की कार्रवाई की। अब प्रकरण के महत्वपूर्ण तथ्यों, यांत्रिक साक्ष्य सहित अन्य मजबूत साक्ष्य एकत्रित कर मामले का चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर दोषियों को सजा मिले, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

विजयादशमी समारोह और दशहरा मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा (पंजीयन क्रमांक 49/2001) के तत्वावधान में विजयादशमी समारोह एवं दशहरा मिलन सह काव्य-पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज की आन, बान और शान के साथ विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे बीजेपी कार्यालय के पास से सभी राजपूत तिलक लगाकर एवं साफा पहनाकर अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात बग्गी में सुरक्षित शस्त्रों को सुसज्जित कर रैली का शुभारंभ होगा।

यह रैली विधानसभा अध्यक्ष सदन राजनांदगांव से शुरू होकर लखोली नाका, गंज चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गुरुद्वारा चौक, भदौरिया चौक से होते हुए राज इंपीरियल चौक पहुंचेगी और वहां से यू-टर्न लेकर महाराणा प्रताप भवन (न्यू चंद्रा कॉलोनी) पहुंचेगी। इस रैली में महिलाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक, अतिथि, नगाड़े तथा स्कूटी, बाइक और कारों के साथ मार्च करेंगे। शाम 4 बजे महाराणा प्रताप भवन आगमन पर तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। शस्त्र पूजन शाम 5 बजे शस्त्र पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसके बाद स्वागत और भाषण होंगे।

मूर्ति अनावरण व विमोचन पश्चात मूर्ति अनावरण और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम रखा गया है। शाम 5.30 बजे सदस्यों की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों शुरू होंगे। शाम 6.30 भारत के प्रसिद्ध वीर रस कवि राम भदावर की विशेष काव्य प्रस्तुति होगी। रात्रि 7.30 बजे धन्यवाद ज्ञापन के बाद रात्रि 8 बजे से सहभोज का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, महासचिव जयनारायण सिंह, युवा अध्यक्ष विशाल सिंह परिहार ने स्वजनों और नागरिकों से इस भव्य समारोह में शामिल होने की अपील की है।

छात्रावास में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास आरके नगर राजनांदगांव में 11 अक्टूबर को छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर व अध्यक्षता कृषि उपज मंडी राजनांदगांव के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की।

विशिष्ट अतिथि सुशीला नेताम, चंद्रेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, डॉ. बीएल कुमरे, लोकेश चतुर्वेदी, धरमु किरंगे, रोहित घराना, बिट्टू कोमरे, सुशील नेताम सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर ने छात्र संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडावी, उपाध्यक्ष रुस्तम नुरेती, सचिव मनीष रावत सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई।



विद्यार्थी जीवन उपलब्धियों की नींव : ठाकुर

मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर ने विद्यार्थी जीवन के महत्व एवं उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड बताते विद्यार्थियों से इस अवधि का सदुपयोग करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

चुनौतियां और संघर्ष व्यक्तित्व को निखारते हैं : चंद्रेश ठाकुर

विशिष्ट अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने छात्रावास जीवन के महत्व, उद्देश्यों तथा छात्रावास के गौरवशाली इतिहास एवं विरासत के संबंध में अनेक रोचक और प्रेरणास्पद जानकारियां दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन के प्रत्येक पल का सदुपयोग करने की सीख दी। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मोहनीश उइके, नागेश भुवर्य, हरेन्द्र तराम सहित जिले एवं नगर के विभिन्न छात्रावासों के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि दुनिया में कोई भी चीज सहज ही प्राप्त नहीं होती। प्रत्येक सफलता और उपलब्धि के लिए कठिन परिश्रम एवं त्याग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति पूरी ईमानदारी, नेकनीयती और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ मेहनत करें, तो उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती है।





खबर संक्षेप

कन्या पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर दिनेश पाण्डेय के निज निवास पर कन्या पूजन का धार्मिक



कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने कन्याओं को आसन पर बैठाकर थाली सजाई और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद आरती उतारकर कन्याओं का आशीर्वाद लिया तथा परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने के लिए माता रानी से प्रार्थना की। मान्यता के अनुसार कन्याओं में देवी मां के स्वरूप का दर्शन कर उनकी पूजा की जाती है। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती सकून शर्मा, शंभू शर्मा, श्रीमती नंदिनी, अंबिका मिश्रा, श्रीमती कल्पना, प्रवीण दुबे, दिनेश पाण्डेय, शैलेंद्र पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, संध्या मिश्रा एवं प्राची मिश्रा सहित परिवार जन उपस्थित थें।

अहिरवार समाज ने बाल कन्याओं का कराया कन्या भोज

कवर्धा। गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में भारत भवन बोड़ला में अहिरवार समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के



पावन अवसर पर कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा माता के शक्ति स्वरूप मानी जाने वाली बाल कन्याओं के चरण धोकर, उनका श्रृंगार किया गया तथा आरती उतारकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात कन्याओं को फल एवं विभिन्न पकवान खिलाकर कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक बाल कन्याओं को उपहार स्वरूप कॉपी, पेन एवं कलर पेंसिल भेंट की गई। इस पहल के माध्यम से बालिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान देश एवं समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ बालिकाओं के सम्मान एवं शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया।

यज्ञ-हवन, आहुति देकर श्रद्धालु भक्तों ने की मां दुर्गा की पूजा, अष्टमी-नवमी पर उमड़ी भारी भीड़

बरबसपुर। प्रदेश भर में सोमवार को विधि-विधान से महाअष्टमी और



महानवमी तिथि का विशेष संयोग बना, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ-हवन कर आहुति दी और मां दुर्गा की सेवा में प्रार्थना, आराधना, पूजा-पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें ग्राम सिंघनपुरी, हरिनछपरा, बीजाझोरी, राम्हेपुर, चंदनपुर, भोरमदेव कारखाना, नाऊडीह, सारंगपुर खुर्द में देखने को मिला, जहां दुर्गा समिति द्वारा अष्टमी और नवमी के अवसर पर दुर्गा पंडाल परिसर पर यज्ञ-हवन कर पूर्ण आहुति दी गई और माता के दरबार की पूजा-पाठ कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वही दर्शन करने वालों की सुबह से देर रात तक श्रद्धालु व भक्तों की भीड़ रहीं।

जेवडन खुर्द में आज मनाया जाएगा दशहरा पर्व

बरबसपुर। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा



उत्सव मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। समस्त ग्रामवासियों के द्वारा मंगलवार को आयोजित इस दशहरा उत्सव के तहत रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें आसपास से आए श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं दशहरे को लेकर ग्रामवासियों ने तैयारी जोर-शोर से की है और 20 अक्टूबर को गांव में भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन, हनुमान की रथ यात्रा निकाली जाएगी और श्री राम के जयकारे लगाते हुए आतिशबाजी के साथ रावण का वध धनुष-बाण से किया जाएगा।

महिषासुर संहार की झांकी ने मोहा दर्शकों का मन

कुण्डा। नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दुर्गा समिति बैगा चौक महली द्वारा आयोजित भव्य झांकी कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार एवं आकर्षक



प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें झूपत-झूपत आवे दाई तथा आमा पान के पतरी दाई, आरूग हे कलसा दाई जैसे भक्तिमय जसगीतों पर कलाकारों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिषासुर संहार की झांकी रही, जिसने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति, जीवंत अभिनय और शानदार मंचन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की इस दमदार प्रस्तुति को देखकर उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान दर्शक अंत तक झूमते रहे और माता रानी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं दर्शक उपस्थित थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता तुलस राम चंद्राकर का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी कलाकारों को तुलस राम चंद्राकर द्वारा श्रीफल, लेखनी एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

मां दुर्गा अष्टमी पर युवा एकता एवं जनसेवा समिति ने किया प्रसादी वितरण

कोलेगांव। मां दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम बसनी में युवा एकता



एवं जनसेवा समिति के तत्वाधान में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माता रानी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामवासियों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और आयोजन को सफल बनाया। युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी द्वारा धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों में भी योगदान दिया जाता रहा है। समिति के माध्यम से स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जागरूकता, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है। समिति का उद्देश्य युवाओं को समाजसेवा से जोड़कर गांव के विकास, जनजागरूकता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में निरंतर कार्य करना है। समिति के अध्यक्ष प्रभाकर साहू ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले सभी साथियों, ग्रामवासियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य गणपत साहू, उत्तम साहू, चित्तू साहू, हरीश साहू, लवलेश साहू, लक्ष्मीकांत साहू, विक्रम साहू, संदीप रजक एवं संजू रजक सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

गांवों को मिली 48 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

भलपहरी में डिजिटल सेवा केंद्र व अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने नवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर माता दुर्गा की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्राम भलपहरी और अचानकपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनसे सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं मांगों को आत्मीयता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम भलपहरी में अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन और अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम भलपहरी और अचानकपुर में कुल 48 लाख 30 हजार रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। इसमें ग्राम भलपहरी में हाई स्कूल रोड पर सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपये, प्राथमिक शाला में किचन शेड निर्माण के लिए 4 लाख रुपए तथा अकालगरिहा पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की घोषणा की गई। इसी प्रकार ग्राम अचानकपुर में मंच निर्माण के लिए 8 लाख रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख, सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, मुख्य मार्ग से पंचराम के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार, मैदान समतलीकरण के लिए 2 लाख तथा गौठान समतलीकरण के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की गई।

उप मुख्यमंत्री ने ग्राम भलपहरी में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण महतारी वंदन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि निकाल सकेंगे। साथ ही राशि जमा करने जैसी बैंकिंग सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे बैंकिंग कार्यों के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके समय तथा आवागमन के खर्च की बचत होगी।

गांवों के विकास, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क, बिजली, आवास और अन्य जरूरी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। दूरस्थ गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाकर लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



महानवमी पर उमड़ी भक्तजनों की भारी भीड़

- कुण्डा में आकर्षक पंडाल और विद्युत साज-सज्जा बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम कुण्डा में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला और ग्राम पंचायत कुण्डा पूरी तरह भक्तिमय रहा। शारदीय नवरात्र पर्व 11 अक्टूबर को मां शैलपुत्री की पूजा और कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुई नवरात्रि इस बार विशेष रही। 19 अक्टूबर सोमवार को महाष्टमी और महानवमी का महासंयोग बनने से उत्साह दोगुना रहा।

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुण्डा में सृजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित 10 स्थानों पर मां दुर्गा के आकर्षक एवं भव्य पंडाल बनाए गए थे, जिनमें रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, फूल-मालाओं और विशेष लाइटिंग से सुसज्जित सजावट देखते ही बनती थी। रात में जगमगाते पंडालों की रोशनी से पूरा गांव रोशन हो उठा था। वहीं 2 स्थानों पर भैरव बाबा भी विराजमान रहे, जहां विशेष पूजा का आयोजन किया गया।

सोमवार को महाष्टमी और महानवमी तिथि का विशेष संयोग रहा जिस पर अष्टमी-नवमी पर उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस पावन अवसर पर भक्तगणों ने अपने घरों में तथा समितियों द्वारा दुर्गा पंडालों में नव कन्याओं एवं बटुकों को विधि-विधान से पूजन कर भोजन प्रसादी खिलाई। कन्याओं के चरण पखार कर, तिलक-चुनरी और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। हलवा, पूरी, खीर और चने के प्रसाद का वितरण किया गया।

नेवारीगुड़ा का अनोखा देवी दरबार आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

नवरात्रि में आपने मां दुर्गा के अनेक भव्य पंडालों के दर्शन किए होंगे, लेकिन जिले के ग्राम नेवारीगुड़ा में सजा देवी दरबार अपनी अनूठी विशेषता के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां एक ही पंडाल में 117 देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। धार्मिक आस्था, आकर्षक सजावट और सांस्कृतिक उत्सव का यह संगम क्षेत्र में विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।

पंडाल में भगवान श्रीरामलला, भगवान विष्णु के दशावतार, नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूप, 51 शक्तिपीठों तथा छत्तीसगढ़ के 36 प्रमुख देवी मंदिरों की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं।

वहीं, पंडाल के बीचों-बीच स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की विशाल प्रतिमा आयोजन की विशेष पहचान बनी हुई है। एक ही स्थान पर इतने विविध देवी-देवताओं के दर्शन का अवसर मिलने से श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। जय मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति नेवारीगुड़ा के तत्वाधान में ग्राम नेवारीगुड़ा, दुल्लापुर और करीमाटी के ग्रामीणों के सहयोग से इस भव्य आयोजन को साकार किया गया है। पंडाल में रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट, मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नवरात्रि का उल्लास देखते ही बनता है।

श्रद्धालु देवी-देवताओं के दर्शन के साथ धार्मिक वातावरण और उत्सवी माहौल का आनंद ले रहे हैं। आयोजन के संरक्षक प्रमोद सिंह चौहान ने बताया कि अपने दादा की स्मृति में दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों की सुविधा के लिए खेदु रथ नाम से ई-रिक्शा की व्यवस्था की है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। इस प्रकार नेवारीगुड़ा का देवी दरबार धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा और आपसी सहयोग का संदेश दे रहा है।

विधायक की पहल से महिला सशक्तिकरण को नई उड़ान, पंडरिया में महिला चौपाटी का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में सामुदायिक भवन के पास 30 लाख 93 हजार की लागत से नवनिर्मित महिला चौपाटी का लोकार्पण किया। महिला चौपाटी के प्रारंभ होने से क्षेत्र की महिलाओं को अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाने, आपसी सहयोग को मजबूत करने तथा स्वरोजगार के नए अवसरों से जुड़ने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

महिला चौपाटी महिलाओं की सामाजिक सहभागिता और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके माध्यम से महिलाओं को छोटे व्यवसायों, स्वरोजगार एवं अन्य आजीविका संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक परिवार की उन्नति नहीं, बल्कि एक सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

30 लाख 93 हजार की लागत से निर्मित यह महिला चौपाटी हमारी माताओं-बहनों को आगे बढ़ने, अपने कौशल का उपयोग करने और स्वरोजगार के माध्यम से अपनी अलग पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी।

हमारा संकल्प है कि पंडरिया विधानसभा की महिलाएं आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजुला कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष रविश सिंह ठाकुर, समस्त पार्षदगण, एल्डरमैन, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।



स्वरोजगार के नए अवसर विकसित

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि महिला चौपाटी जैसी सुविधाएं महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर विकसित करने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। हमारा प्रयास है कि पंडरिया विधानसभा की माताएं-बहनें अपने हुनर, मेहनत और उद्यमशीलता के बल पर आगे बढ़ें। वे अपने उत्पादों एवं व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनें और अपने परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के विकास में भी योगदान दें।

बीएड की पढ़ाई के लिए युवा दूसरे जिलों पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा जिले में उच्च शिक्षा के लिए कई पाठ्यक्रमों के सरकारी कॉलेज खुल चुके हैं, लेकिन शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बीएड की पढ़ाई की सुविधा नहीं है। जिले में एक भी सरकारी या निजी बीएड कॉलेज नहीं होने से विद्यार्थियों को मुंगेली, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव और रायपुर जैसे शहरों का रुख करना पड़ता है। जिले में मेडिकल, फिशरीज, नर्सिंग और इंजीनियरिंग जैसे पाठ्यक्रमों की पढ़ाई की व्यवस्था है, लेकिन बीएड कॉलेज का अभाव युवाओं के लिए परेशानी बना हुआ है।

विजय शर्मा मां दुर्गा पूजन एवं ज्योति कलश पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्राम ढोंघा और कोडार में आयोजित मां दुर्गा पूजन एवं ज्योति कलश पूजन कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस दौरान उनका अलग ही भक्तिमय अंदाज देखने को मिला, माता के भजनों और जसगीतों के बीच उन्होंने स्वयं हाथों में मंजीरा थाम लिया और ग्रामीणों के साथ भक्ति में रम गए। ढोलक, झांझ और मंजीरे की मधुर थाप पर उप मुख्यमंत्री भी ग्रामीणों के साथ झूम उठे। माता के जयकारों और पारंपरिक जसगीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दोनों गांवों में माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर भजन-कीर्तन में सहभागिता की। इस दौरान आस्था, लोक संस्कृति और आत्मीयता का अनूठा संगम देखने को मिला। धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें भी सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



अभाविप ने 51 कन्याओं को कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कवर्धा द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर संघ कार्यालय कवर्धा में 51 कन्याओं का कन्या भोज कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया तथा उन्हें ससम्मान भोजन कराया गया। नगर मंत्री गजेंद्र राजपूत ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। भारतीय परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कन्या भोज कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संस्कार, सेवा, श्रद्धा एवं नारी सम्मान का संदेश दिया। मुस्कान पटेल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करती रही है। इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति युवाओं की आस्था को सुदृढ़ करने के साथ समाज में सकारात्मक एवं संस्कारमय वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गजाधर वर्मा ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां आयोजन विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष करते आ रहा है परिषद केवल आंदोलन के माध्यम से बस काम नहीं करती बल्कि समाज के बीच रहकर काम करती है चाहे वह बस्तर में दंतेश्वरी मैया, डोगरगढ़ में बम्लेश्वरी मैया हो या रतनपुर में महामाया मैया इन सभी स्थानों पर विद्यार्थी परिषद एसएफएस के माध्यम से सेवा कार्य प्रत्येक वर्ष करते आ रहा है।



खबर संक्षेप



ओपन क्रू व टीम ने मनाया स्थापना दिवस

कवर्धा। जिले के ओपन सीनियर स्काउट-गाइड टीम भोरमदेव रोवर ओपन क्रू एवं मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम का 37वां स्थापना दिवस 18 अक्टूबर 2026 को वृद्धाश्रम कवर्धा एवं वृद्धाश्रम मजगांव में वृद्धजनों की सेवा एवं फल वितरण कर मनाया गया। कार्यकारी रोवर लीडर प्रियप्रकाश साहू के नेतृत्व में वृद्धाश्रम कवर्धा में यूनिट लीडर्स संजय घावड़े, पुष्पांजलि तिवारी, प्रीति साहू व रोवर्स रेंजर्स के सहयोग से तथा वृद्धाश्रम मजगांव में एचडब्लूबी रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू, यूनिट लीडर्स लोकनाथ देवांगन, सौरभ शर्मा शीतल साहू अनुजा यादव, विंध्या ठाकुर व रोवर्स रेंजर्स के सदस्यों द्वारा वृद्धजनों की सेवा कर एवं फल वितरण कर क्रू व टीम का 37वां स्थापना दिवस मनाया।

कवर्धा राज परिवार का शाही दशहरा उत्सव आज

कवर्धा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा राज परिवार द्वारा कवर्धा नगर में शाही दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक और पारंपरिक आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजपरिवार से मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव में राम दरबार के साथ राजा की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए निकलेगी और रावण का दहन किया जाएगा। तत्पश्चात राजमहल में दरबार सजाया जाएगा।

पर्व: श्रद्धा व आस्था की प्रतीक मानी जाती है महाअष्टमी की खप्पर, तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली खप्पर

महाअष्टमी पर मंदिरों में लगा भक्तों का तांता
श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी में किया हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदि शक्ति की श्रद्धा-भक्ति के पर्व नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के रोज मंदिर एवं दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। दिनभर चलते इस अनुष्ठान के चलते समूचा नगर हवन की पावन खुशबू से दमकता रहा। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर सहित समूचे नगर में शारदेय नवरात्र का महापर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ माना जा रहा है।

स्थानीय शक्ति पीठों में जहां श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराए गए मनोकामना ज्योतिकलश जगमगा रहे हैं वहीं दुर्गो पण्डालों में मां जगत जननी के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं सुशोभित हैं। जिनके दर्शनों को हर रोज सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को महाअष्टमी के मौके पर देवी मंदिरों व दुर्गा पण्डालों में भव्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। महाअष्टमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान कर मंदिरों तथा अपने घरों में पूजा अर्चना की। वहीं पूरी तैयारी होने के बाद मंदिरों तथा दुर्गा पण्डालों में भी मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों हांथों ने हवन कुण्ड में आहुति डाली और समूचा अंचल हवन की पावन खुशबू से महमहाता रहा। कवर्धा नगर के कैलाश नगर में मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति के पदधिकारियों, सदस्यों व उनके परिजनो द्वारा नवरात्र पर्व के मौके पर आकर्षक पण्डाल में स्थापित मां दुर्गा के चरणों में महाअष्टमी को पंडित रमेश तिवारी (रामू महाराज) के सानिध्य में विधि विधान से सामूहिक हवन पूजन किया। इससे पूर्व पण्डाल में कन्याभोज का भी भव्य आयोजन कराया गया।



निभाई गई कन्या पूजा की परम्परा

हवन पश्चात मंदिर परिसर, दुर्गा पण्डालों तथा श्रद्धालुओं के घरों में कन्या पूजन तथा कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना एक विशेष महत्व होता है। जिसके चलते अष्टमी तिथि में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराया जाता है। इसी मान्यता के तहत हवन संपन्न होने के बाद मंदिर व दुर्गा पण्डालों में कन्या भोज कराया गया। कुल मिलाकर महाअष्टमी पर श्रद्धालु दिनभर आदिशक्ति की भक्ति में डूबे रहे।

मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

महाअष्टमी के मौके पर नगर के शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। खास कर मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोषी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा की थाल लेकर पहुंचने लगे थे। जहां उन्होंने मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा उनसे अपने अपने परिवार के लिए सुख, समृद्धि की कामना करते हुए आशिर्वाद प्राप्त किया। पर्व के अवसर पर नगर के देवी मंदिरों के सामने मेला सा माहौल देखने को मिला। जहां बड़ी संख्या में दुकाने सजाई गई थी और लोगों द्वारा यहां जमकर खरीदी भी की गई।

कवर्धा में आधी रात गूंजे शक्ति के जयकारे, तीन शक्तिपीठों से निकली खप्पर यात्रा, दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब



फाईल फोटो

धर्मनगरी कवर्धा में क्वार नवरात्रि की महाअष्टमी पर वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए आधी रात के बाद तीन प्रमुख शक्तिपीठों से खप्पर यात्रा निकाली गई। मां दंतेश्वरी, मां चंडी और मां परमेश्वरी मंदिर से निकली खप्पर यात्रा के दर्शन के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रात के सन्नाटे में गूंजती खप्परधारियों की किलकारियों, तलवारों की चमक और देवी स्वरूप में सुसज्जित खप्परधारियों के दर्शन ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले रात्रि 12.30 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली गई। इसके बाद मां चंडी मंदिर और मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर यात्रा निकाली गई। तीनों शक्तिपीठों से निकली खप्पर यात्राओं में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। खप्परधारी देवी के परिधान और आभूषणों से सुसज्जित थे। सिर पर मुकुट, लंबे केश, एक हाथ में चमचमाती नंगी तलवार और दूसरे हाथ में प्रज्वलित खप्पर धारण किए खप्परधारियों का स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

नगर की सुख-समृद्धि और शांति के लिए निभाई जाती है परंपरा

कवर्धा में महाअष्टमी की रात खप्पर निकालने की परंपरा वर्षों पुरानी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नगर की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना के साथ तीनों शक्तिपीठों से खप्पर निकाली जाती है। इस परंपरा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था आज भी बनी हुई है। यही वजह है कि हर वर्ष महाअष्टमी के अवसर पर खप्पर यात्रा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी खप्पर यात्रा

तीनों शक्तिपीठों की खप्पर यात्राएं अपने-अपने अगुवानों के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरीं। यात्रा बिलासपुर मार्ग, सतनामी पारा, ठाकुर पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, वीर स्तंभ चौक, गायत्री मंदिर और अंबेडकर चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। इसके बाद उच्च विश्राम गृह के निकट सरदार पटेल मैदान, सतबहनिया मंदिर, महल चौक, सिविल लाइन, राधाकृष्ण वार्ड, शीतला चौक, करपात्री चौक, हटरी पारा, कचहरी पारा और गुप्ता पारा सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए खप्परधारी अपने-अपने देवालयों में पहुंचे। मंदिरों में पहुंचने के बाद खप्पर यात्रा का समापन हुआ।

नशामुक्त भारत का संदेश लेकर निकाली गई राष्ट्रीय बाइक रैली

गृहमंत्री शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



- ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बाइक सवारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक भारत, श्रेष्ठ भारत और नशामुक्त भारत, सशक्त भारत का संदेश लेकर निकली राष्ट्रीय बाइक रैली का कबीरधाम में भव्य स्वागत किया गया। पीजी कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बाइक सवारों का सम्मान कर रैली को हरी झंडी दिखाकर मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया।

रैली के 18 अक्टूबर को कवर्धा पहुंचने पर सिग्नल चौक में बाइक सवारों का पुष्पमाला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली जा रही यह रैली देश की एकता, अखंडता और नशामुक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध सुरक्षा बलों के प्रयासों और जवानों के बलिदान को भी नमन किया। साथ ही कहा कि स्थायी शांति के लिए विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसर जरूरी हैं।

धवईपानी तक पुलिस टीम भी रही साथ

समारोह में ओडिशा पुलिस के दल प्रमुख समर सिंह और छत्तीसगढ़ पुलिस के दल प्रमुख रविंद्र गिरी सहित बाइक सवारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत देवांगन के नेतृत्व में जिला पुलिस की टीम बाइक सवारों के साथ जिले की सीमा धवईपानी तक गई और नशामुक्ति का संदेश दिया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वावधान में 4 अक्टूबर से शुरू हुई यह रैली देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों से गुजरते हुए 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में संपन्न होगी। कार्यक्रम में कलेक्टर तुलिका प्रजापति, नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।

राम्हेपुर कला में शनिदेव की प्रतिमा खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश

- मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में धार्मिक आस्था से जुड़े स्थलों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कवर्धा थाना क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर कला में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा भगवान शनिदेव की प्रतिमा को खंडित कर फेंकने का मामला सामने आया है।

घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को मिलने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इस कृत्य पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम राम्हेपुर कला में भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापित थी। यह प्रतिमा स्थानीय ग्रामीणों के साथ आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र थी। प्रत्येक शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते थे। इसके अलावा धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता था।

ऐसे में प्रतिमा को खंडित कर फेंके जाने की घटना से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद कवर्धा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। लेकिन ग्राम राम्हेपुर कला में सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण पुलिस को आरोपियों की पहचान करने और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में पुलिस अन्य संभावित साक्ष्यों और स्थानीय स्तर पर पूछताछ के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि, घटना को अंजाम देने वाले लोगों की पहचान और वारदात के पीछे के कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



घटना के बाद ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक आस्था के केंद्र में इस तरह की घटना से लोगों में नाराजगी है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर उठे सवाल

कबीरधाम जिले में इससे पहले भी विभिन्न क्षेत्रों में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक स्थलों पर आपत्तिजनक गतिविधियों से जुड़े मामले सामने आने की बात कही जाती रही है। राम्हेपुर कला की घटना ने एक बार फिर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता को सामने ला दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर निगरानी की व्यवस्था मजबूत करने तथा संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है। अब ग्रामीणों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर है। मामले में आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी और घटना के पीछे की वजह सामने आने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

हमर गरबा महोत्सव में गोल्डन वॉयस इवेंट्स का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित हमर गरबा महोत्सव के गरिमामय समापन समारोह में गोल्डन वॉयस इवेंट्स की टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

गोल्डन वॉयस इवेंट्स द्वारा 25 अक्टूबर को वीर सावरकर भवन में आयोजित होने वाले शहर के सबसे बड़े कराओके उत्सव स्वर संगम सीजन-1 सुरों का जुनून, आवाज का जादू के प्रचार-प्रसार हेतु जब टीम शिक्षक कॉलोनी स्थित आईएएस स्कूल हमर गरबा के मंच पर पहुंची, तो



आयोजक टीम यूनाइटेड 09 एवं सीएमडीए परिवार ने पूरी टीम का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर गोल्डन वॉयस इवेंट्स की संस्थापिका रश्मि केशरवानी, आयोजक वीनू चावला, संचालक रमेश रावत, आयोजक सदस्य बलवीर सिंह एवं सुरेश झारिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

गोल्डन वॉयस इवेंट्स की टीम ने इस आत्मीय सम्मान के लिए टीम यूनाइटेड 09 के आशीष सिंह राजपूत एवं सीएमडीए के विनय कोसरिया का हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही टीम ने स्नेह स्वरूप टीम यूनाइटेड 09 एवं सीएमडीए परिवार की पूरी टीम को आगामी भव्य आयोजन स्वर संगम सीजन-1 में अतिथि के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया है।



उप मुख्यमंत्री की पत्नी रश्मि शर्मा ने बालिकाओं को भेंट किए उपहार

अष्टमी पर 551 बालिकाओं का पूजन कर दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बेटियों के सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत वीर सावरकर भवन, कवर्धा में बालिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 551 बालिकाओं का पारंपरिक विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उपहार भेंटकर शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके पैर धोए गए, महावर लगाया गया और तिलक लगाकर पूजन किया गया। इसके पश्चात सभी बालिकाओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा ने प्रत्येक बालिका को उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालिकाओं को कॉपी, पेंसिल, रबर, रुमाल और रंगीन पेंसिल सहित उपयोगी सामग्री प्रदान की गई, ताकि वे पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हों।

बेटियों को समान अवसर देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी



कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से बालिकाओं के प्रति भेदभाव दूर करने, बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि बेटियों का सम्मान केवल किसी विशेष दिन या आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके जीवन के प्रत्येक चरण में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा योजना के अंतर्गत बालिकाओं के सम्मान, संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

नितेश छाबड़ा करेंगे हॉकी लीग में कमेंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राज्य के ख्यात कमेंटेटर व खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा को छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में आ धि का रि क कमेंट्री के पैनल में चुना गया है।

यह स्पर्द्धा छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्रालय के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जाएगी।

इस लीग में कुल छह फ्रेंचाइजी गटी में हिस्सा लेंगी, जिनमें छत्तीसगढ़ के 108 हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

